मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–9, अंक–6 अगस्त, 2009

किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545



कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से समस्त देशवासियों के साथ–साथ कामधेनु परिवार को स्वतंत्रता की 62वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं ! हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, और इसमें बुनियादी एवं आधारभूत क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। 1995 में अपनी स्थापना से लेकर अबतक तकरीबन डेढ़ दशक के सफर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड एक इकाई से आज 50 से अधिक इकाईयों के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की अग्रणी कंपनी के रूप में लोकप्रिय हो चुकी है। माहौल में कार्य करता है। कंपनी से जुड़े हर सहयोगी को अपने विचारों एवं सुझावों को स्पष्ट से व्यक्त करने की आजादी है, जो किसी भी संगठन की कामयाबी का मूल मंत्र है।

स्वतंत्रता की 62वीं वर्षगाँठ पर हम अपनी टीम एवं अपने साथ जुड़े हर सहयोगी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आज कंपनी जिस मुकाम पर है, उसके लिए हम अपने कर्मचारियों, डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों एवं व्यावसायिक सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। मैं अपने उन सहयोगियों का विशेष धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने

## समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

इन डेढ़ दशकों में देश ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिसमें कामधेनु इस्पात लिमिटेड के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस दरम्यान कंपनी ने इंफ्रास्ट्रक्चर एवं रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़ी हर जरूरत को एक ही छत के नीचे पूरा करने का संकल्प लेकर कई नए क्षेत्रों में पाँव पसारे, जिसमें उपभोक्ताओं का खासा समर्थन मिला। साथ ही डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों के विस्तृत एवं मजबूत नेटवर्क ने कंपनी की प्रगति में काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कामधेनु की तरक्की सही मायनों में इसकी दूरदर्शिता, कुशल प्रबंधन एवं अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करनेवाली टीम पर निर्भर रही है। कामधेनु से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति एवं सहयोगी एक पारिवारिक अपनी कर्मठता एवं प्रतिबद्धता के दम पर न केवल सराहनीय मुकाम हासिल किया बल्कि कामधेनु परिवार के अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने उत्पादों के लिए "बेस्ट क्वालिटी एट बेस्ट प्राइस यानी किफायती दरों पर सर्वोत्तम उत्पाद" की नीति पर कार्य करती है, जिससे उपभोक्ता स्वतंत्र रूप से निर्णय कर कामधेनु ब्रांड के सर्वोत्तम उत्पादों को अपना सकें। अपने उत्पादों की सर्वोत्तम गुणवत्ता से उपभोक्ताओं को सम्पूर्ण संतुष्टि देकर कामधेनु इस्पात लिमिटेड 21वीं सदी के भारत निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान देने के प्रति कृतसंकल्प है।

**आजादी की ढ़ेरों शुभकामनाओं के साथ,**
**सौरभ अग्रवाल**

# श्री सुनील अग्रवाल को मिला "समाज रत्न" पुरस्कार



माननीय श्री महाबल मिश्रा (एम.पी. दिल्ली) से "समाज रत्न" स्वीकार करते हुए निदेशक श्री सुनील अग्रवाल

अपनी दूरदर्शिता एवं कुशल प्रबंधन से कामधेनु इस्पात लिमिटेड को कामयाबी की नयी मंजिलों तक पहुँचाने वाले कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल को उनके सामाजिक कार्यों के लिए "समाज रत्न" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हे यह सम्मान विश्वविख्यात श्री कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर दिया गया। इस मौके पर माननीय श्री महाबल मिश्रा (एम.पी. दिल्ली), मनजीनदर सिंह सिरसा (निगम परिषद के सदस्य), कामधेनु के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

इस सम्मान को प्राप्त करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा "जिस प्रकार हम अपनी मेहनत और लगन से अपने संस्थान को कामयाबी के रास्ते पर ले जाते हुए कहीं न नहीं देश के विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हैं, उसी प्रकार समाज के प्रति भी हमारी कई जिम्मेदारियाँ होती हैं जिनको पूरा करने का हम प्रयास करते है।" इस

# कामधेनु ने मनाई आजादी की 62वीं वर्षगांठ



आजादी की 62वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर कामधेनु जीवनधारा की ओर से जगह–जगह तिरंगे फहराए गए और साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। गुड़गाँव के चक्रपुर में स्थित कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सामाजिक संस्थान कामधेनु जीवनधारा में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अभावग्रस्त परिवारों के छोटे–छोटे बच्चों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत होकर सबका दिल जीत लिया। कामधेनु जीवनधारा की ओर से इन गरीब बच्चों को मुफ्त स्वास्थ्य, शिक्षा, खाना एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसकी वजह से बच्चों के साथ–साथ इनके अभिभावकों का मनोबल भी ऊँचा उठा है। कामधेनु जीवनधारा की इसी प्रयास ने लाखों बच्चों को जीवन पथ पर आगे बढ़ने में मदद की है। इस अवसर पर श्रीमती राधा अग्रवाल, चेयरमैन कामधेनु जीवनधारा ने सबको स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का दिन हमें स्वतंत्र निर्णय लेने की प्रेरणा देता है जो हर किसी के लिए कामयाबी की कुंजी भी है।

इसी प्रकार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कामधेनु की सहयोगी कंपनी मेसर्स लिंगराज स्टील एंड पावर लिमिटेड के सौजन्य से कंपनी की उत्पादन



इकाई के प्रांगण में तिरंगा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर मेसर्स लिंगराज स्टील एंड पावर लिमिटेड के निदेशक श्री सिद्धेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री आनंद तिवारी (जीएम–मार्केटिंग) ने समारोह में हिस्सा लिया। इस

# भारतीय संस्कृति की ओर बढ़ती अमेरिकियों की दिलचस्पी

भारत की गंगा–जमुनी संस्कृति सदा से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचती रही है। हाल ही में अमेरिका की मशहूर पत्रिका न्यूजवीक में छपे एक लेख "हम सब हिंदू हैं" में एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा गया है कि अमेरिकी नागरिक धीरे–धीरे पारंपरिक ईसाईयत की मान्यताओं के दायरे से निकलकर हिंदू रीति–रिवाजों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। खुद को धार्मिक के बजाए आध्यात्मिक बतानेवाले अमेरिकियों की तादाद 2005 में 24 फीसदी से बढ़कर 30 फीसदी तक आ पहुँची है। इसका मतलब यह हुआ कि पश्चिम की उन्मुक्त जीवनशैली पर पूरब की पारंपरिक सोच हावी हो रही है। ईसा का बताया मार्ग हो या कुरान का या फिर योगाभ्यास का, मोक्ष प्राप्ति के लिए सभी रास्ते एक जैसे हैं। इसमें खास तौर पर वैदिक मार्ग में बताए गए "ॐ" के महत्व को तकरीबन सभी धर्म समान रूप से स्वीकार करते हैं। यही वजह है कि "ॐ" के प्रति अमेरिकियों की दिलचस्पी दिनों–दिन बढ़ती जा रही है।



हावर्ड विश्वविद्यालय जैसे कई संस्थानों में वर्षों से वैदिक संस्कृति पर शोध कार्य जारी है। यहाँ तक कि वेद, पुराणों एवं उपनिषदों में बताए मार्ग को आधुनिक विज्ञान ने भी स्वीकारा है। मोक्ष प्राप्ति के हिंदू मान्यताओं के अनुसार मृत्यु के बाद दाह–संस्कार की परंपराओं को भी पश्चिमी देशों में कौतूहल एवं जिज्ञासापूर्ण नजरों से देखा जाता है। आज के तेजी से बदलते परिदृश्य में परंपराओं एवं संस्कृतियों का समागम कोई आश्चर्य की बात नहीं। सच पूछें तो एक दूसरे की संस्कृति को जानना–पहचानना एक विकसित होते समाज की पहचान है। लेकिन जब एक विकसित समाज या देश के लोग, जो अपनी उन्मुक्त जीवनशैली को विकास की पहचान बताते हों, उनका रुझान वैदिक संस्कृति की ओर बढ़ा है तो यह अपने आपमें भारतीय संस्कृति की एक बड़ी जीत है। साथ ही यह संकेत उन भारतीयों के लिए भी अनुकरणीय है जिनके ऊपर पश्चिमी संस्कृति का नशा इस कदर चढ़ गया है कि वो अपनी मिट्टी की पहचान को भी भूलने लगे हैं। इस

# लुधियाना में लगी पहली टिंटिंग मशीन

रंगों का हमारी जिंदगी से गहरा नाता है। सही रंग न केवल जीवन में अनुकूलता लाता है बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को घर के अंदर प्रवेश करने से भी रोकता है। यही वजह है कि आजकल उपभोक्ता रंगों के चयन में काफी संवेदनशील हो गए हैं। कामधेनु पेंट की कलर ड्रीम्ज़ श्रृंखला के अंतर्गत 7000 से ज्यादा रंग मौजूद हैं, जिसमें सही रंग की पहचान के लिए कंपनी ने एक विशेष "टिंटिंग मशीन" उपलब्ध करायी है, जो उपभोक्ताओं को उनके मनपसंद रंगों के चयन में मदद करती है। लुधियाना के मेसर्स बजाज हार्डवेयर स्टोर में 9 जुलाई को पहली "टिंटिंग मशीन" की स्थापना कामधेनु पेंट के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल के हाथों की गयी। इसके साथ ही कामधेनु उन 7–8 कंपनियों के इलीट क्लब में शामिल हो गयी, जो देश में "टिंटिंग मशीन" की सुविधा उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम), श्री अरविंद कपूर (डीएसएम), श्री पुनीत चौधरी (प्रबंधक–टिंटिंग प्रणाली), श्री योगेश्वर (एएसएम) एवं श्री दिनेश शर्मा (एग्जीक्यूटिव–टिंटिंग प्रणाली) भी वहाँ मौजूद थे।

"टिंटिंग मशीन" के द्वारा रंगों के 7000 से ज्यादा शेड के अंतर्गत उपभोक्ता अपनी मनपसंद के विशेष शेड का चयन कर पाएंगे। कंपनी देश भर के अंदर ऐसी ही "टिंटिंग मशीन" स्थापित करने जा रही है, जिससे यह उम्मीद की जाती है कि कामधेनु पेंट की माँग में खासी बढ़त आएगी।

लुधियाना में "टिंटिंग मशीन" की स्थापना करते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा "बीते एक वर्ष के दरम्यान कामधेनु पेंट ने बाजार के अंदर अपनी महत्वपूर्ण साख हासिल की है। इसके साथ ही कंपनी ने बाजार की प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए अपने उच्चस्तरीय गुणवत्ता के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को उतारा है। "टिंटिंग मशीन" के आने के बाद अब इसमें कोई संशय नहीं कि उपभोक्ताओं का भरोसा हमारे ऊपर और मजबूत होगा।"

इस



# कामधेनु के सौजन्य से आयोजित हुआ जन्माष्टमी समारोह






समारोह के दौरान अभिनेत्री हेमा मालिनी के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल एवं श्रीमती राधा अग्रवाल

दिल्ली के पंजाबी बाग में प्रतिवर्ष आयोजित होनेवाले विश्वविख्यात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन इस बार कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सौजन्य से किया गया। 8 से 15 अगस्त तक चले इस समारोह में अपने जमाने की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने अपनी बेटी आहना देयोल के साथ हिस्सा लिया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने फूलों के गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत किया। पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सांसद श्री महाबल मिश्रा एवं निगम पार्षद श्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी समारोह की शोभा बढ़ाने वहाँ पहुँचे।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सचिन अग्रवाल एवं कामधेनु जीवनधारा के श्रीमती राधा अग्रवाल ने समारोह में मौजूद रहकर सबका उत्साह बढ़ाया। समारोह स्थल के प्रत्येक आकर्षण को देखने के लिए कंपनी की ओर से एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था थी जिसका नाम दिया गया था "कामधेनु एक्सप्रेस"। समारोह के पहले दिन का विशेष आकर्षण रहे जादूगर शंकर सम्राट, जबकि दूसरे दिन नंदा सवंत ने साईं भजन के साथ आस्था और भक्ति का समां बांधा। इनके अतिरिक्त वीएसपीके इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने श्रीकृष्ण लीला का मंचन किया। 13 एवं 14 अगस्त को श्री अदित्य अष्ट एवं श्री नंदकिशोर जी का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। श्रीकृष्ण की लीलाओं का भरपूर आनंद लेते हुए दर्शकों ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड को जानने में भी खासी दिलचस्पी दिखायी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर भागवत किशोर एंड पार्टी ने आस्था के साथ–साथ देशभक्ति के सुरों से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# कामधेनु की ऑस्ट्रेलिया और थाईलैंड यात्रा

श्री सुनील अग्रवाल (निदेशक) एवं श्री राकेश मिश्री (जीएम) के नेतृत्व में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का हिमाचल प्रदेश के डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों की एक टीम को इस बार ऑस्ट्रेलिया के हसीन नज़ारों को देखने का सुनहरा अवसर मिला। इस टीम में श्री एस.के. शर्मा, निदेशक रेडियेंट कास्टीगं, श्री ए.के. अग्रवाल, निदेशक हिम ऐलोयस, श्री रमेश गोयल, निदेशक आर.के. इंडस्ट्रीस, श्री अश्वनी गर्ग, वर्धमान आदर्श इस्पात और डिस्ट्रीब्यूटर्स – श्री मोहन अग्रवाल, श्री विक्रम जैन, श्री प्रदीप गर्ग, श्री अनुज गर्ग, श्री दिनेश राठी एवं श्री अजय भी शामील थे।

तकरीबन 100 से ज्यादा डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों की यह टीम 10 अगस्त को प्रातःकाल सिडनी एयरपोर्ट पर उतरी। इनके टूर की शुरुआत हुई सिडनी के समुद्री बीच पर शो–बोट डिनर के साथ। कुलांचें भरती सागर की लहरों का आनंद लेते हुए सबने बोट के अंदर ही डिनर का आनंद लिया। अगले दिन का कार्यक्रम शहर की आलीशान खूबसूरती को देखने का था। सिडनी शहर के दिलचस्प नज़ारों को देखते हुए यह टीम डार्लिंग हार्बर पहुँची। साथ ही सबने ओपेरा हाउस, हार्बर ब्रिज, द रॉक्स एवं बोंदाई बीच का नज़ारा भी किया। तीसरे दिन यह टीम ब्रिस्बेन शहर की ओर रवाना हुई, जहाँ होटल गोल्ड कोस्ट में सबके ठहरने का इंतजाम था। सफर का चौथा और पाँचवाँ दिन ब्रिस्बेन की खास शान मूवी वर्ल्ड एवं सी–वर्ल्ड को देखने के नाम रहा। सातवें दिन ब्रिस्बेन शहर से दिल्ली की फ्लाईट पकड़ने से पहले टीम के सदस्यों ने स्थानीय दावत के साथ–साथ भारतीय व्यंजनों का भी भरपूर लुत्फ उठाया। कुदरत के हसीन नज़ारों के शौकीन सदस्यों ने यहाँ की खूबसूरती को अपने–अपने कैमरों के जरिए उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



थाईलैंड टूर पर गये कामधेनु के डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों की विशेष टीम मौज मस्ती में झूमते हुए



श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया के दिलचस्प सैर के दौरान

टीम के सदस्यों को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए श्री अग्रवाल ने कहा "विकास की जो तस्वीर हम यहाँ देख रहे हैं, उस परिदृश्य को अपने देश की सरजमीं पर सच कर दिखना हमारा दायित्व बनता है। जब हम इस विकास के सपने अपनी आँखों में संजोते हैं, तो हमारे लिए कामयाबी का एक सुनहरा भविष्य तैयार होता दिखाई पड़ने लगता है।

दूसरी और कामधेनु के डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों की पंजाब की टीम विगत 30 जुलाई को 5 दिनों के थाईलैंड सैर के लिए रवाना हुई थी। इस टीम में कंपनी के उन चुनिंदा डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों को शामिल किया गया जिन्होंने न केवल बड़े लक्ष्यों को हासिल किया बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने। कामधेनु की ओर से मौजूद थे श्री अमित सोनी, एजीएम–ब्रांडप्रमोशन एवं मनोज शर्मा।

पटाया शहर के होटल डिस्कवरी में ठहरे टीम के सदस्य सबसे पहले यहाँ के मशहूर अलकज़ार–शो को देखने पहुँचे। 1 अगस्त को यह टीम "कोरल आइलैंड" का नज़ारा करने के लिए निकली। प्रकृति के अद्‌भुत नज़ारों को अपने अंदर समेटे कोरल आइलैंड की खूबसूरती को सबने जी–भरकर सराहा। आइलैंड से वापस लौटने के बाद सबने रात को भारतीय व्यंजनों का मजा लिया। अगले दिन टीम के सदस्यों ने बैंकाक शहर एवं यहाँ के भव्य मंदिरों का नजारा किया। इन सबका मजा लेते हुए कामधेनु की इस टीम ने थाईलैंड शहर के बाजारों में अपनी मनपसंद की खरीदारी भी की। 5 अगस्त को जब यह टीम दिल्ली पहुँची तो टीम के सदस्य न केवल तरोताजा हो चुके थे बल्कि सबमें उत्साह एवं उमंग स्पष्ट दिखाई पड़ रहा था। इस

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर्स
श्री प्रेम जायसवाल
मेसर्स बी.एल. इंटरप्राइजेज
241 परदेवनपुर, लाल बंगला, कानपुर – 07
9415042330, 0512 2401916

श्री प्रताप मोदी
मेसर्स मोदी ब्रदर्स
87/362 जरीब चौकी, जी.टी. रोड, कानपुर
9935333441, 9839473197

श्री महेश टिकमानी (सीमेंट)
मेसर्स शुभम एसोसिएट्स
सूता पट्टी रोड मुजफ्फरपुर
09334900459, 09934406511

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com